Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 03-03-2006

Participants : Ahir Shri Hansraj Gangaram

an>

Title : Alleged irregularities prevailing in Western Coal Field of Coal India Limited.

श्री हंसराज जी. अहीर (चन्द्रपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं कोल इंडिया के पश्चिमोत्तर क्षेत्र में हो रही धांधली के संबंध में माननीय कोयला मंत्री जी का ध्यान आकर्िात करना चाहता हूं। वणीनार्य क्षेत्र में पिछले मई महीने से 600 मजदूरों को बैठाकर उनका शोाण किया जा रहा है जिसमें करोड़ों रुपये का भुगतान बाहरी कंपनियों और निजी ठेकेदारों को किया गया है। अनेक कामगार संगठनों ने विरोध में हिस्सा लेकर अनशन किया। उसके बावजूद भी डब्ल्यू सीएल के अधिकारी और कोल-इंडिया के अधिकारी इस ओर ध्यान न देकर कोयले का अवशोाण कर रहे हैं। मार्च के महीने में वहां रेलवे साइडिंग पर करोड़ों रुपये का घपला हुआ, भ्रटाचार हुआ। सीबीआई द्वारा छापा मारा गया, अनेक अधिकारियों को दंडित किया गया और उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गयी, लेकिन कोल इंडिया के द्वारा इन अधिकारियों पर किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गयी है। इसमें अनेक अधिकारियों ने भ्रटाचार किया है। साथ ही विस्थापितों के मामले में अनेक विस्थापित परिवार अपनी भूमि देने के बाद भी नौकरियों के लिए प्रतीक्षा कर रहे हैं। कोल इंडिया से जब वे इसकी मांग करते हैं तो किसानों के इन पुत्रों से पैसे मांगे जाते हैं। जिन लड़कों ने एप्रेंटीसशिप की हुई है उनके लिए 212 पदों पर भर्ती करने के लिए वहां पर मान्यता मिली है लेकिन डब्ल्यू सीएल के द्वारा विज्ञापन में चार वा का अनुभव मांगा है। अनुभव किसी के पास न होने की वजह से वे पात्र नहीं हैं। मैं माननीय कोल मंत्री जी से मांग करता हूं कि इन सारी बातों की जांच करने के लिए जांच दल भेजा जाए और डब्ल्यू सीएल में हो रही सभी धांधलियों को रोका जाए।